# फ़ेडरल यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा सुधार के लिए प्रजनन न्याय मूल्य

**1994 की गर्मियों में, बारह अश्वेत महिलाओं ने रिप्रोडक्टिव जस्टिस (आरजे) फ्रेमवर्क बनाया, जो एक ऐसी दुनिया का सपना देखता है जहाँ हर किसी को अपने शरीर और भविष्य को नियंत्रित करने, सम्मान के साथ जीने, बच्चे पैदा करने, बच्चे न पैदा करने और बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और दीर्घकालिक समुदायों में पालने का अधिकार हो। उनकी पहली कार्रवाई कांग्रेस को "**ब्लैक वीमेन ऑन हेल्थ केयर रिफार्म**" नामक एक पत्र के माध्यम से क्लिंटन प्रशासन के स्वास्थ्य सेवा सुधार प्रस्ताव पर ध्यान आकर्षित करना था, जिसने उनके समुदाय की चिंताओं की उपेक्षा की थी।**

**दी मेडिकेड एंड रिप्रोडक्टिव जस्टिस कोलब्रेटीव में** एडवोकेट्स फॉर यूथ **(एएफ़वाय),** इन आवर ओन वॉयस: नैशनल ब्लैक वीमेन रिप्रोडक्टिव जस्टिस एजेंडा **(आईओओवी ),** नैशनल एशियन पैसिफिक अमेरिकन वीमेन फोरम (NAPAWF), नैशनल हेल्थ लॉ प्रोग्राम **(एनएचईएलपी ),** नैशनल लैटिना इंस्टीट्यूट फॉर रिप्रोडक्टिव जस्टिस **(लैटिना इंस्टीट्यूट), और** यूनाइट फॉर रिप्रोडक्टिव एंड जेंडर इक्विटी **(यूआरजीई) शामिल हैं। आरजे आंदोलन की तीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, संघीय यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा सुधार (मूल्यों) के लिए हमारे प्रजनन न्याय मूल्यों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा सुधार के लिए आरजे संस्थापकों के दृष्टिकोण पर निर्माण करना है।**

## हमारे मूल्य

1. **स्वास्थ्य सेवा एक मानव अधिकार है।**

   **हम हर इंसान में मूल्य पहचानते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर किसी को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच होनी चाहिए, चाहे उनकी आय, रोजगार की स्थिति, इमीग्रेशन की स्थिति, नस्ल, जातीयता, आयु, सेक्शुअल ओरिएन्टेशन, जेंडर आइडेंटिटी, गर्भावस्था, नागरिकता, विकलांगता या अन्य कारक कुछ भी हों। यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज में गर्भपात कवरेज सहित यौन, प्रजनन और लिंग-पुष्टि स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच शामिल होनी चाहिए, जो व्यक्तिगत सांस्कृतिक मान्यताओं, प्रथाओं, संचार आवश्यकताओं और भाषा वरीयताओं का सम्मान करती हो। स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए उनकी पसंद की भाषा में भी सुलभ होनी चाहिए।**

2. **स्वास्थ्य सेवा नीति निर्माताओं में कम मान्यता दिए जाने वाले समुदायों का उचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए।**

ऐसे समुदाय जिन्हें समाज द्वारा ऐतिहासिक रूप से कम मान्यता दी गई है, उन्हें यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा सुधार प्रयासों से सबसे अधिक लाभ होगा। स्वास्थ्य सेवा नीति निर्माताओं के बीच कम मान्यता दिए जाने वाले समुदायों का उचित प्रतिनिधित्व यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि उनकी चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए और सुधार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करे।

3. **कम मान्यता दिए जाने वाले समुदायों की चिंताओं और दृष्टिकोण को डिजाइन, कार्यान्वयन और मूल्यांकन के दौरान सुधार का मार्गदर्शन करना चाहिए।**

यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज सुधार प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब कम मान्यता दिए जाने वाले समुदायों की चिंताओं और दृष्टिकोणों को सभी प्रयासों में सबसे आगे रखा जाए। नीति निर्माताओं को एक समावेशी, प्रभावी और न्यायसंगत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने में मदद करने के लिए सुधार प्रक्रिया के हर चरण में कम मान्यता दिए जाने वाले समुदायों की बात सुननी चाहिए।

4. **सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवा भेदभाव से मुक्त होना चाहिए।**

कुछ समुदायों को हमेशा हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भीतर अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा है। इससे उन समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में अंतर, दर्द और अन्य स्थितियों का अपर्याप्त उपचार, डायग्रोसिस में देरी और जबरन नसबंदी, अन्य मुद्दों के अलावा स्वास्थ्य असमानताओं में योगदान हुआ है। सभी लोग पक्षपात, जबरदस्ती और अन्य भेदभाव से मुक्त स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के हकदार हैं। भाषा की बाधाओं के कारण किसी को भी अपने स्वास्थ्य सेवा या इंशोरेंस प्रदाता के साथ संवाद करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा सुधार में भेदभाव से मौजूदा सुरक्षा को शामिल किया जाना चाहिए और उसका विस्तार किया जाना चाहिए, जैसे कि अफोर्डेबल केयर एक्ट में।

5. **स्वास्थ्य इंशोरेंस में लोगों की ज़रूरत की सभी सेवाएँ शामिल होनी चाहिए।**

सभी को अपनी ज़रूरत की प्रत्येक स्वास्थ्य सेवाएँ मिलनी चाहिए। यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज में शामिल होना चाहिए: यौन, प्रजनन और लिंग-पुष्टि देखभाल सेवाएँ, जैसे कि गर्भपात और एचआईवी सेवाएँ; अर्ली एंड पीरियाडिक स्क्रीनिंग, डायग्रोस्टिक, एन्ड ट्रीटमेंट (ईपीइसडीटी ) सेवाएँ; मानसिक स्वास्थ्य और पदार्थ उपयोग विकार सेवाएँ; प्रिस्क्रिप्शन दवाएँ; घर और समुदाय-आधारित सेवाएँ; और दृष्टि, श्रवण और दंत सेवाएँ।

6. **स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए किफायती होनी चाहिए।**

अक्सर, को-पेमेंट, डिडक्टेबल, प्रीमियम और अन्य स्वास्थ्य सेवा लागत लोगों को उनकी ज़रूरत की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँचने से रोकती हैं। यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा सुधार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए किफायती हो।

7. **सभी को अपनी स्वास्थ्य जानकारी निजी रखने का अधिकार होना चाहिए।**

   युवा लोगों, अप्रवासियों और एलजीबीटीक्यूआई+ लोगों सहित सभी लोगों को इस डर के बिना स्वास्थ्य सेवा तक पहुँचने में सक्षम होना चाहिए कि उनकी स्वास्थ्य जानकारी माता-पिता, अभिभावकों या कानून प्रवर्तन अधिकारियों को बता दी जाएगी।

8. **सभी लोगों को सेवाओं तक निर्बाध पहुंच और अपने अधिकारों को लागू करने की शक्ति होनी चाहिए।**

   लोगों को स्वास्थ्य सेवा के अपने अधिकार को लागू करने में सक्षम होना चाहिए जब इसका उल्लंघन किया गया हो, जिसमें तब भी शामिल है जब कोई स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनकी धार्मिक या अन्य व्यक्तिगत आस्था के आधार पर सेवा देने से इनकार कर देता है।

**इस संसाधन के बारे में**

इन *मूल्यों* को रोलोंडा डोनेलसन, मेव मैककेन विमेंस लॉ एंड पब्लिक पौलिसी फेलो एनएचईएलपी द्वारा लिखा गया था। सालेन एंड्रयूज, लैटिना इंस्टीट्यूट; टुयेट डुओंग, एनएपीएडब्ल्यूएफ; चेल्सी गोंजालेज, एएफवाई; होप जैक्सन, यूआरजीई; केमिल किड, आईओओवी; और मैडलिन मोरसेल, एनएचईएलपी ने इस संसाधन के लिए